स्कूलों में विकलांग बच्चों को अधिक संख्या में शामिल करते हुए पाठ्यक्रम की अभिकल्पना और प्रबंधन के लिए बहु-शास्त्रीय ज्ञाता सदस्य के रूप में काम करें। इन सभी क्षमताओं को प्रदान करने के लिए, 2002-03 के दौरान राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान तथा विजय ह्यूमन सर्वीसेस्, चेन्नई में प्रारंभिक बालवस्था में विशेष शिक्षा पाठ्यक्रम का आरंभ किया गया। वर्ष 2003-04 के दौरान यह पाठ्यक्रम हमारे क्षेत्रीय केन्द्र, मुम्बई में भी चलाया गया और 49 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया।

3.4 पुनर्वास सेवाएँ - स्नातक उपाधि (मानसिक मंदन)

यह चार वर्षीय पाठ्यक्रम, उस्मानिया विश्वविद्यालय से संबद्ध है जो मानसिक मंद व्यक्तियों के लिए समाविष्ट सेवाएँ प्रदान करने में योग्य व्यावसायिकों को तैयार करता है। इस पाठ्यक्रम में न्यूरोबायोलोजी, साईकोलोजी, विशेष शिक्षा, वाणी-भाषा चिकित्सा, भौतिक चिकित्सा तथा व्यावसायिक चिकित्सा से संबंधित विषय शामिल हैं। वर्ष 2003-04 के दौरान बी.आर.एस. III तथा बी.आर.एस. IV के अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया।

3.5 पुनर्वास चिकित्सा विज्ञान - स्नातक उपाधि

यह चार वर्षीय पाठ्यक्रम इन्द्रप्रस्था विश्विविद्यालय से संबंद्धित है और क्षेत्रीय केन्द्र, नई दिल्ली में प्रदान किया जाता है। मानसिक मंद व्यक्तियों को समाविष्ट सेवाएँ प्रदान करने के लिए यह पाठ्यक्रम व्यावसायिकों को तैयार करता है। इस पाठ्यक्रम में न्यूरोबायोलोजी, साईकोलोजी, विशेष शिक्षा, वाणी-भाषा चिकित्सा, भौतिक चिकित्सा तथा व्यावसायिक चिकित्सा से संबंधित विषय शामिल हैं। वर्ष 2003-04 के दौरान, 18 अभ्यर्थियों को इस पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश दिया गया है।

3.6 विशेष शिक्षा में बी.एड. (मानसिक मंदन)

विभिन्न स्तरों पर विशेष शिक्षकों की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान, एक वर्षीय बी.एड.-विशेष शिक्षा (मानसिक मंदन) जो उस्मानिया विश्वविद्यालय से संबंद्ध है, संचालन करता है। वर्ष 2003-04 के दौरान 18 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया।

3.7 विशेष शिक्षा में बी.एड. (दूरी प्रणाली)

मध्यप्रदेश भोज विश्वविद्यालय, भोपाल और भारतीय पुनर्वास परिषद् के सहयोग से क्षेत्रीय केन्द्र, नई दिल्ली में बी.एड. विशेष शिक्षा (दूरी प्रणाली) कार्यक्रम संचालित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों को प्रभावी ढंग से शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान करने में व्यावसायिकों को विकसित करना है। वर्ष 2003-04 के दौरान, राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र, नई दिल्ली से 40 विद्यार्थियों ने कार्यक्रम पूरा किया।

3.8 प्रारंभिक हस्तक्षेप में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

विकासात्मक देरी वाले बच्चों में यदि कमियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर प्रारंभ से ही व्यावसायिक सेवाएँ प्रदान की जाएँ तो सार्थक सुधार परिलक्षित होंगे। ये सेवाएँ बाल विकास आचरणों, भौतिक चिकित्सा विज्ञान, व्यावसायिकी चिकित्सा विज्ञान, वाक् चिकित्सा विज्ञान जैसे अंतर-विषयिक प्रकृति के होते हैं। वर्ष 2003-04 के दौरान, 9 अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया।

3.9 एम.एड. विशेष शिक्षा (मानसिक मंदन)

विभिन्न स्तरों पर विशेष शिक्षकों के आवश्यकताओं को दृष्टिगत में रखते हुए, राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान एक वर्षीय एम.एड. विशेष शिक्षा (मानसिक मंदन) पाठ्यक्रम का आरंभ किया। यह पाठ्यक्रम उस्मानिया विश्वविद्यालय से संबद्धित है और 8 जनवरी, 2004 को आरंभ हुई जिसके परीक्षाएँ नवम्बर / दिसम्बर, 2004 में होंगे। वर्ष 2003-04 के दौरान, 10 अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया।

3.10 पुनर्वास मनोविज्ञान में एम.फिल. पाठ्यक्रम

उस्मानिया विश्वविद्यालय से संबद्धित यह दो वर्षीय पाठ्यक्रम का आरंभ जनवरी 2004 में हुई और मानसिक मंद व्यक्तियों को समाविष्ट सेवाएँ प्रदान करने के योग्य व्यावसायिकों को तैयार करता है। इस पाठ्यक्रम में न्यूरोबायोलोजी, साईकोलोजी, विशेष शिक्षा, वाणी-भाषा चिकित्सा, भौतिक चिकित्सा तथा व्यवसायिक चिकित्सा से संबंधित विषय शामिल किये गये हैं। वर्ष 2003-04 के दौरान 12 अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया।

3.11 सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम

क्षेत्र के पुनर्निवेशन ने यह सूचित किया कि मानसिक मंद बच्चों के दिन-प्रतिदिन के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन करने जो विशेष शिक्षक होते हैं उनको चिकित्सा-विज्ञान पर गहन प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता है। यह, विशेष शिक्षकों को अपनी सुयोग्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए तथा उन्हें सुदृढ बनाने की दृष्टि से है ताकि वे गुणतायुक्त सेवाएँ प्रदान कर सकें। वर्ष 2003-04 के दौरान ऐसे चार कार्यक्रमों का संचालन किया गया जिसके विवरण अगले पृष्ट में सारणी -1 पर दी गई हैं।

सारणी - I वर्ष 2003-04 के दौरान संचालित सर्टीफिकेट पाठ्यक्रमों का विवरण

क्र.	पाठ्यक्रम का नाम	तिथि	प्रतिभागियों की संख्या
1.	वाक्-चिकित्सा विज्ञान में सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम	1-30 अगस्त, 2003	9
2.	भौतिक चिकित्सा में सर्टीफिके पाठ्यक्रम	1-31 अक्तबूर 2003	7
3.	मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन में सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम	12 नवम्बर - 19 दिसम्बर 2003	14
4.	स्कूल से कार्य को आंतरण में सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम	1-26 सितम्बर, 2003	4

3.12 अल्पकालीन पाठ्यक्रम

ये अल्पकालीन पाठ्यक्रम मुख्यत: इस प्रकार अभिकल्पित किये गये हैं कि मानसिक मंद के क्षेत्र में कार्यरत् व्यावसायिकों और कार्मिकों को सेवाकालीन प्रशिक्षण प्रदान कर सकें। वर्ष 2003-04 के दौरान, संस्थान ने 17,308 हिताधिकारियों को आवरित करते हुए 287 अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये, जिसके विवरण अनुबंध-1 में दिये गये हैं।

3.13 जागरूकता कार्यक्रम

यह सर्वमान्य तथ्य है कि यदि युवा मनों में जागरूकता पैदा की जाए तो विकलांगता और पुनर्वास को समझने में उन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और युवा वर्ग विकलांग व्यक्तियों के साथ सहानुभूति जता सकेंगे। इसका समाज पर दीर्घकालीन प्रभाव पडेगा। पुनर्निवेशन ने संकेत दिया है कि विकलांगता और पुनर्वास के प्रति

युवाओं के मन में सकारात्मक विचारधारा पैदा की गई है। वर्ष 2003-04 के दौरान, 16,623 स्कूल तथा कालेज के विद्यार्थियों को आवरित करते हुए 100 कार्यक्रम संचालित किये गये।

3.14 विकलांग व्यक्तियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण

जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्रों में 5,947 विकलांग व्यक्तियों के लिए 76 प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालन किये गये (सारणी ।।।)। ये कार्यक्रम प्राथमिक रूप से व्यावसायिक कौशलों को सिखाने और सामाजिक एकता के लिए संचालित किये गये थे।

3.15 राष्ट्रीय / क्षेत्रीय / राज्य स्तर के कार्यक्रम

3.15.1 अभिभावक संगठनों की राष्ट्रीय संगोष्ठी

मानसिक मंद व्यक्तियों के जीवन में सुधार लाने के लिये अभिभावकों को अधिकारिता प्रदान करना आवश्यक है। इस उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान नियमित रूप से अभिभावक संगठनों की राष्ट्रीय गोष्ठियाँ आयोजित करता रहा है। इस वर्ष 1-2 नवम्बर, 2003 को सपना शिक्षा, पुनर्वास तथा अनुसंधान संस्था, भोपाल के सहयोग से 11वाँ राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गयी जिसमें 53 पंजीकृत अभिभावक संगठनों का प्रतिनिधित्व करते हुए 130 अभिभावकों ने भाग लिया। संगोष्ठी के दौरन चर्चित विषय थे (क) स्व-सहायक समूहों को प्रोन्नति, (ख) मानसिक मंद तथा अन्य विकलांगता वाले महिलाएँ, (ग) अभिभावक समूहों की भूमिका, (घ) संप्रेषक के रूप में अभिभावक, (च) विकलांगता पुनर्वास में सूचना तकनीकी की भूमिका।

3.15.2 मानसिक मंदता पर राष्ट्रीय सम्मेलन

राष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन पुनर्वास व्यावसायिकों को सूचना आदान प्रदान करने के लिए एक सामूहिक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष 17वाँ वार्षिक सम्मेलन कोलकता में मनोविकास केन्द्रा, कोलकता के सहयोग से 15-17 दिसम्बर, 2003 को सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में पाँच सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। वार्षिक सम्मेलन में चर्चित विषय थे - (क) विकलांग व्यक्तियों के लिए स्व-सहायक संगठन तथा संबंधित परिवार व अभिभावक समूह, (ख) विकलांग महिलाएँ, (ग) प्रारंभिक पहचान, प्रारंभिक हस्तक्षेप तथा शिक्षा, (घ) स्व-रोजगार सहित प्रशिक्षण एवं रोजगार, (च) निर्मित पर्यावरण तथा सार्वजनिक परिवहन की अभिगम, (छ) सूचना, संप्रेषण तथा सहायक तकनीकी सहित सूचना एवं संप्रेषण का अभिगम (ज) क्षमता निर्माण, सामाजिक सुरक्षा तथा सहनीय जीवन कार्यक्रमों के जरीए गरीबी कम करना।

3.15.3 विशिष्ट कर्मचारियों की राष्ट्रीय बैठक

विशिष्ट कर्मचारियों की नौवीं राष्ट्रीय बैठक सिकंदराबाद में 22-23 जनवरी, 2004 को आयोजित की गई जिसमें 9 राज्यों से 44 अनुरक्षकों के साथ 54 विशिष्ट कर्मचारियों ने भाग लिया। इन कर्मचारियों को अपने - अपने व्यावसायिक प्रशिक्षण सहित उत्पादन केन्द्रों में उनके मूल्यांकन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ कर्मचारियों की तरह चयन किया गया था। जनता में जागरूकता पैदा करने तथा संभाव्य नियोक्ताओं को सुग्राही बनाने के लिए, उन्होंने उत्पादक रोजगार का लाभ उठाने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।

3.15.4 विकलांग व्यक्तियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस

विकलांग व्यक्तियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस 3 दिसम्बर, 2003 के दौरान, संस्थान द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजन किये गये।

- आयु स्तर के अनुसार 18 विशेष स्कूलों के पुरुष तथा महिलाओं के लिए अलग-अलग से मानसिक मंद बच्चों के लिए चित्रलेखन प्रतियोगिता।
- सभी आठ वर्गों को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये। हर प्रतिभागी को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।
- मानसिक मंद बच्चों द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम

3.15.5 "आटीजम स्पेक्ट्रम अव्यवस्था - एक चुनौती देने वाली विकलांगता" - पर भारत-यु.एस. कार्यशाला

संस्थान ने यु.एस. शिक्षा विभाग के राष्ट्रीय विकलांग तथा पुनर्वास अनुसंधान संस्थान (एन.आई.डी.आर.आर.) के सहयोग से "आटीजम स्पेक्ट्रम अव्यवस्थाओं" पर 4 दिवसीय कार्यशाला का 10-13 मार्च, 2004 को आयोजित की जिसमें भारत तथा यु.एस.ए. के 42 व्यावसायिकों ने भाग लिया।

3.15.6 भारत में विकलांगता प्रबंध पर कार्यशाला

भारतीय कार्मिक प्रशासन संस्थान (आई.आई.पी.ए.) के सहयोग से संस्थान द्वारा "भारत में विकलांगता प्रबंध - चुनौतियाँ तथा परिप्रेक्ष्य" पर कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें 86 अखिल भारतीय सेवा कैडर के वरिष्ठ अधिकारियों एवं व्यावसायिकों ने भाग लिया।

3.16 अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रम

इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को अपने बच्चों की देखभाल, प्रबंधन तथा प्रशिक्षण में सम्मिलित करना, अभिभावकों के बीच समर्थन को प्रोत्साहित करना, तथा अपने विचारों एवं सूचनाओं को आदान-प्रदान करवाना है। प्रसंगाधीन वर्ष में 5,528 अभिभावकों को लाभान्वित करते हुए कुल 153 अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजित किये गये कार्यक्रमों के विवरण अनुबंध-।। में संलग्न है।

अनुसंधान और विकास परियोजनाएँ

राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान ने यू.एस.इंडिया रूपया निधि, यूनिसेफ, यू.एन.डी.पी., आई.सी.एस.एस.आर., एस.एन्ड.टी मिशन मोड के सहयोग से अनुसंधान परियोजनाओं का कार्य कर रहा है। अब तक, 40 अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा किया गया है।

4.1 पूरी की गई अनुसंधान परियोजनाएँ

वर्ष 2003-04 के दौरान, निम्नलिखित परियोजनाएँ पूरी की गयीं।

4.1.1 दृश्य क्षति वाले शिशु एवं बच्चों के लिए प्रेरणात्मक क्रियाकलापों का विकास

दृष्टि क्षति से ग्रस्त शिशु की सहायता के लिए प्रेरण एक आवश्यक घटक बन जाता है। प्रेरण क्रियाकलाप बच्चे के सकल मोटर विकास, हाथ के कार्य का विकास, अवशिष्ट, दृश्य व श्रव्य विकास और अन्य संवेदी विकास और वाक् तथा भाषा के विकास के कार्यकलापों की आवश्यकता की आपूर्ति करता है। मौजूदा परियोजना दृष्टि क्षति ग्रस्त शिशुओं के लिए प्रेरण पैकेज विकास करने के लिए आरंभ की गई।

4.1.2 शैक्षिक विषयों में अधिगम समस्यावाले विद्यार्थियों के लिए संसाधन शिक्षा कार्यक्रमों का विकास

मौजूदा शिक्षा प्रणाली का अध्ययन करने और सीखने की समस्या वाले बच्चों को पढ़ाने में प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों के आँकड़े एकत्रित करने तथा नियमित स्कूलों में सीखने की समस्याओं से ग्रस्त बच्चों को पढ़ाने के लिए उपचारी पैकेज विकसित करने के लिए यह परियोजना आरंभ की गई।

4.1.3 मानसिक मंदन और बहु-संवेदी बच्चों के लिए सेवा प्रतिमान

समुचित सेवा प्रतिमानों सहित शिक्षा व्यवस्था, पद्धतियों, सामग्रियों और शिक्षक तैयार करने के विषयों व मौजूदा शिक्षा व्यवास्था में मानसिक मंदन और बहु-संवेदी क्षतियों से ग्रस्त बच्चों को शामिल करने योग्य विषयों के विकास के उद्देश्य से यह परियोजना आरंभ की गई।

4.1.4 मानसिक मंद व्यक्तियों के दृश्य विकलांगता अभिज्ञान का अंश

मानसिक मंद व्यक्तियों में दृश्य विकलांगता का सही आकलन उनकी अन्तर्निहित शक्तियों में सर्वश्रेष्ठ को उजाकर करने में अवश्य योगदान देगा। मानसिक मंद व्यक्तियों में दृश्य विकलांगता के अंश का मापन करने के लिए प्रणालीबद्ध अध्ययन आयोजित किया जाता है ताकि यह उनकी दृश्य विकलांगता की मात्रा का उचित आकलन करने में मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ साथ बेहतर प्रबंधन कार्यक्रम भी प्रदान करें।

4.1.5. 0-3 वर्षों की आयु के बच्चों के लिए हस्तक्षेप के लिए उत्तर पूर्वी क्षेत्र में देशज प्रथाओं का अध्ययन

उत्तर पूर्वी क्षेत्र में शिशु पालन की प्रथाओं को जानने और सकारात्मक प्रथाओं से निहित हस्तक्षेप का माड्यूल विकसित करने तथा 0-3 वर्ष के बीच की आयु वाले बच्चों के प्रशिक्षण के लिए नकारात्मक प्रथाओं को सुधारने के लिए यह परियोजना शुरु की गई।

4.2 चालू अनुसंधान परियोजनाएँ

वर्तमान में 13 अनुसंधान परियोजनाएँ चालू हैं, विवरण निम्नानुसार हैं।

4.2.1 विकलांगता क्षेत्र में कार्यरत् संगठनों के कार्यों तथा उनके द्वारा निधियों के उपयोग के आकलन के लिए साधनों का विकास

भारत में विकलांग व्यक्तियों के लिए बने विधानों तथा समर्थन युक्त नीतियों के प्रादुर्भाव से उन्हें दी जाने वाली सेवाएँ गति पकड़ रही है। सेवा प्रदान करने वालों में अधिकांश गैर सरकारी संगठन हैं, जिनके भिन्न-भिन्न उद्देश्य एवं भिन्न-भिन्न संरचनात्मक सुविधाएँ हैं। एक समान ढंग से उनके कार्यों का मूल्यांकन करने उचित क्रियाविधि को विकसित करना अभी बाकी है। इस अध्ययन का उद्देश्य ऐसे साधन को विकसित करना है, जिससे इन गैर सरकारी संगठनों की सेंवाओं और कार्य विधियों की मानकताओं के मूल्यांकन के लिए उपयोग किया जा सके।

4.2.2 गंभीर मानसिक मंद विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक कार्यक्रम बनाना

परियोजना का आरंभ, गंभीर मानसिक मंद व्यक्तियों को पढ़ाने के पाठ्यक्रम तथा हस्तक्षेप कौशलों को विकसित करने के उद्देश्य से किया गया है। इन बच्चों में मिर्गी और भौतिक विकलांगताओं से जुडी समस्याएँ होंगी, जिससे कमजोर पूर्वानुमान का भी कारण बन जाता है। अनुसंधान अध्ययनों से पता चला कि, सतर्क अवधियों के दौरान की गई हस्तक्षेप ने गंभीर मानसिक मंद बच्चों में कौशलों को हासिल करने की दिशा में सकारात्मक प्रभाव सूचित किया है। उपर्युक्त अनुसंधान अध्ययनों के आधार पर मौजूदा परियोजना आरंभ की गई है।

4.2.3 विकलांग बच्चों को समर्थन - यु.एन.डी.पी. परियोजना

यह यु.एन.डी.पी. द्वारा आर्थिक सहायता प्राप्त परियोजना है जो किसी भी सीमा तक बच्चे की विकलांता को हिसाब में लिये बिना और बिना किसी विकलांग को छोड़ तमाम बच्चों को शिक्षा के नमूनों का प्रयोग करने के लिए है।

राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान ने उत्तर प्रदेश और कर्नाटक की परियोजनाओं के तकनीकी मार्गदर्शन और मानव संसाधन विकास समर्थन प्रदान किया। इन राज्यों को शिक्षण सामग्रियाँ प्रदान की गयीं । इसके अलावा, राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान ने निम्न विषयों के अध्ययन का कार्य भी हाथ में लिया है:

क) विकलांग बच्चों के शिक्षा की स्थिति, ख) विकलांग लड़कियों की स्थिति, ग) विकलांग बच्चों की शिक्षा के अनुसंधान का सार, घ) विकलांग बच्चों की शिक्षा में संतुष्ट विशिष्ट रिवाज़।

तकनीक मार्गदर्शन प्रदान करने के अलावा, राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान ने परियोजना के प्रलेखन की बाध्यता ली है तथा मौजूदा कार्यक्रमों पर डेटाबेस का सृजन किया है।

4.2.4 मानसिक मंद व्यक्तियों के लिए राहत देखभाल

यह परियोजना, मानसिक मंद बच्चों के परिवारों और अभिभावकों को प्रविलम्बन प्रदान करने के लिए प्रतिदर्श की स्थापना करने का उद्देश्य रखती है। परियोजना के अंतर्गत प्रविलम्बन देखभाल केन्द्र, नवम्बर 2002 से हैदराबाद में आरंभ किया गया।

4.2.5 ग्रामीण क्षेत्रों में विकलांग शिशुओं तथा बच्चों की प्रारंभिक हस्तक्षेप

यह परियोजना यु.एस.-भारत रुपया निधि की आर्थिक सहायता से ग्रामीण क्षेत्रों के शिशुओं और बच्चों की आवश्यकताओं की विशिष्ट रूप से हस्तक्षेप पैकेज विकसित करने और मास्टर प्रशिक्षकों के लिए मैनुअल विकसित करने के लिए है जो व्यावसायिकों को ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएँ प्रदान करने के लिए है।

4.2.6 लार नियंत्रण और जीभ दबाने का चिकित्सा विज्ञान

लार टपकने को नियंत्रित करने के अत्यधिक प्रभावी चिकित्सीय तकनीकों को विकसित करने के उद्देश्य से यह परियोजना आरंभ की गयी। इस प्रकार एकत्रित सामग्री का आकलन किया जा रहा है।

4.2.7 लोकोमोटर कार्य तथा कौशलों को सुधारने अनुकूली साधनों का विकास

यह परियोजना मानसिक मंद व्यक्तियों के उपयोग के लिए तीन साधनों को विकसित करने हेतु आरंभ की गयी।

क) सिर और गर्दन के नियंत्रण को सुविधा प्रदान करने सर्वीकल कालर

ख) वाकर जो चलने में सुविधा प्रदान करे

ग) लार टपकने को नियंत्रित करने होंठ संवेदक / लिप सेंसर

4.2.8 मानसिक मंद और आटीजम वाले बच्चों के लिए सेवा प्रतिमान

उपयुक्त प्रशिक्षण प्रतिमानों की खोज करने तथा आटीजम वाले बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने व विशेष स्कूलों में अध्यापकों द्वारा उपयोग में लायी जाने वाली संसाधन सामग्रियों के विकास के लिए यह परियोजना आरंभ की गई है।

4.2.9 मानसिक मंद व्यक्तियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण पर मैनुअल का विकास

मानसिक मंद व्यक्तियों को विभिन्न कार्यकलापों में प्रशिक्षित करने के साथ - साथ मानसिक मंद व्यक्तियों को कार्य करने के लिए सुविधाजनक कार्य पर्यावरण में आवश्यक अनुकूलनो / पुनर्संरचनाओं के लिए मैनुअल का विकास करने यह परियोजना आरंभ की गई।

4.2.10 कार्य स्थान में प्रौढ़ मानसिक मंद व्यक्तियों के क्रियात्मक संप्रेषण पद्धतियाँ

यह परियोजना में निम्नलिखित विषयों को देखा जाता है।

1) भाषा निष्पादन के लिंकेज

2) परिवहन क्रियाकलाप

3) जॉब के विभिन्न कामों की आवश्यकता

4.2.11 भारत में मानसिक मंदता का अनुसंधान - एक अध्ययन

यह अनुसंधान मानसिक मंदता के क्षेत्र में भारत में की गई अनुसंधान कार्य को इकट्ठा करने तथा लेख बनाने के लिए किया जा रहा हैं क्योंकि इसका प्रलेखन एक जगह पर नहीं हुई और आवश्यक व्यक्तियों को आसानी से उपलब्ध नहीं है।

4.2.12 मानसिक मंद व्यक्तियों के लिए संज्ञानात्मक प्रशिक्षण - 2003

यह परियोजना का उद्देश्य मानसिक मंद बच्चों में संज्ञानात्मक प्रक्रिया में कमियों को पहचनना और तत्पश्चात् उनमें संज्ञानात्मक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए संज्ञानात्मक कौशलों में उन्हें प्रशिक्षण देना है। यह परियोजना मानसिक मंद बच्चों के लिए संज्ञानात्मक प्रशिक्षण पैकेज का विकास करेगा।

4.2.13 मानसिक मंद व्यक्तियों के अभिभावकों में उदासीनता का प्रबंध के लिए संज्ञानात्मक व्यवाहर हस्तक्षेप का प्रभाव

यह परियोजना मानसिक मंद व्यक्तियों के अभिभावकों में उदासीनता का प्रभावी रूप से प्रबंध करने के लिए मैनुअल विकास करने के लिए आरंभ किया गया। यह पुस्तिका मानसिक मंदता के क्षेत्र में कार्यरत् परामर्शदाताओं के लिए भी उपयुक्त है।

राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान के प्रकाशन

राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान ने अपने अनुसंधान और विकास कार्यकलापों के परिणाम स्वरूप कुल 78 मौलिक प्रकाशनों के साथ-साथ मानसिक मंद व्यक्तियों के पुनर्वास के क्षेत्र में 359 पुस्तकों, गाइड़ों और अन्य सामग्रियों का प्रकाशन किया जिसमें हिन्दी, कन्नड, मलयालम, मराठी, उड़िया, तमिल, तेलुगु और आओ (जनजातीय), असमिया, बंगाल, गारो, खासी, मणिपुरी, मीजो, नागा, के उत्तर पूर्वी भाषाओं और उर्दू और कश्मिरी भाषाओं में अनुवाद भी सम्मिलित है।

प्रसंगाधीन वर्ष के दौरान 8 नये प्रकाशन थे : (1) श्रवण-अंध तथा अतिरिक्त विकलांग बच्चों के शिक्षा - शिक्षकों के लिए स्त्रोत पुस्तक, (2) प्राथमिक स्कूलों में अधिगम समस्या वाले बच्चों की शिक्षा - शिक्षकों के लिए संसाधन पुस्तक, 3) चलन संबंधी समस्यावाले बच्चों तथा शिशुओं की स्थिरता तथा प्रेरणा क्रियाकलाप, (4)रैपिड- विकलांग व्यक्तियों की पहचान के लिए पहुँच तथा कार्यक्रम बनाना, (5) मानसिकमंद व्यक्तियों के लिए संप्रेषण कौशलों में प्रशिक्षण- अभिभावकों के लिए उपयोग पुस्तिका, (6) व्यावसायिक शिक्षा पाठचर्या - सिरीज III, (7) बच्चों में दृष्टि प्रेरक क्रियाकलाप - अभिभावकों एवं देखभाल कर्ताओं के लिए गाईड, (8) आटीजम स्पेक्ट्रम अव्यवस्थाएँ - चयनित लेख।



सेवा प्रतिमान

6.1 सामान्य सेवाएँ

संस्थान, मामले का इतिहास, भौतिक व स्वास्थ्य परीक्षण, बौद्धिक और विकासीय मूल्यांकन, विशेष शिक्षा मूल्यांकन, रोगोपचार आवश्यकताओं का मूल्यांकन, व्यावसायिक मूल्यांकन और मौलिक बायोकेमिकल स्क्रीनिंग और परीक्षण के कार्य करता है । गृह-आधारित प्रशिक्षण के लिए कार्यक्रम की योजना बनायी जाती है और कौशल प्रशिक्षण गृह प्रबंधन के लिए चिकित्सा कार्यक्रम संचालित करने जनकों को प्रदर्शन कराये जाते हैं । वर्ष 2002-03 के दौरान देखे गए कुल 3123 क्लांईटों की तुलना में रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान के मुख्यालय तथा क्षेत्रीय केन्द्र - मुम्बई, कोलकता तथा नई दिल्ली में कुल 3381 क्लाईटों को देखा गया था।

वर्ष 2003-04 के दौरान देखे गए नए क्लाइंटों की विवरण सारणी IV मे दर्शाया गया है।

सारणी - IV वर्ष 2003-04 के दौरान परीक्षण किये गये नये क्लाइंट

सेवाएँ	2002-03	2003-04
सामान्य सेवाएँ	3123	3381
स्वास्थ्य सेवाएँ	2897	3114
व्यवहार तरमीमें	1614	1883
विशेष शिक्षा	2118	2509
भौतिक चिकित्सा-विज्ञान	479	579
व्यावसायिक चिकित्सा विज्ञान	417	698
बायो-रासायनकी	1662	1432
जनक परामर्श	3072	3195
आरंभिक मध्यस्थता सेवाएँ	436	410
वाक्, भाषा और श्रवण	1104	951
पारिवारिक कुटीर	884	425
व्यावसायिक प्रशिक्षण	255	584
ई ई जी	213	243
बहुविध विकलांगता एकक	149	149
वर्ग क्रिया कलाप	147	164
पोषण सलाह	147	187
विस्तृत मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन	1096	1565
संगणक सहायक अनुदेशन	51	35
एफ.सी.आई.एस.	-	144
आत्मविमोह और मानसिक मंदन	74	73
धीमी गति से सीखने वालों के लिए कक्ष	46	132
संवेदीक्षति और मानसिक मंदन	20	157
पी.एम.आर.	-	30
हाइड्रोथेरपी	208	191
बौद्धिक मूल्यांकन	2033	1776
कार्य स्थल (व्यावसायिकी)	114	127
संसाधन कक्ष (दृश्य प्रखरता)	756	993
कुल	23,124	25,127

6.2 विशेष सेवाएँ

कार्यान्वयन के लिए प्रबंधन योजना द्वारा गृह आधारित प्रशिक्षण प्राप्त करना ही विशेष सेवाओं का उद्देश्य है। बाहर से आनेवाले व्यक्तियों के लिए, परिवार कुटीर सुविधा प्रदान की जाती है । जहाँ कहीं जरूरी हो ग्राहकों को स्थानीय संस्थाओं से सेवाएँ प्राप्त करने के लिए उचित रेफरल प्रदान किये जाते हैं, जबकि राष्ट्रीय मानसिक

विकलाँग संस्थान में आवधिक परामर्श जारी रहता है । जनकों और परिवार के सदस्यों और समय-समय पर जनक प्रशिक्षण के संगठन को सूचना तथा मार्गदर्शन के लिए संस्थान द्वारा प्रकाशित फोल्डरों, पोस्टरों और पुस्तकों को नाम मात्र की लागत लेकर विशेष सेवाओं को पृष्ठ-समर्थन प्रदान किया जाता है । गत वर्ष 39,061 अनुवर्ती ग्राहकों को देखे जाने की तुलना में प्रसंगाधीन वर्ष के दौरान विशेष सेवाओं के अंतर्गत 46,777 अनुवर्ती क्लाईंटों को देखा गया जिसके विवरण सारणी V में दर्शाया गया।

सारणी - V वर्ष 2003-04 के दौरान देखे गये अनुवर्ती क्लाईंट

सेवाएँ	2002-03	2003-04
स्वास्थ्य सेवाएँ	8248	8831
व्यवहार तरमीमें	1832	2865
विशेष शिक्षा	3956	4644
भौतिक चिकित्सा-विज्ञान	2279	2791
व्यावसायिक चिकित्सा विज्ञान	420	580
जनक परामर्श	3535	4481
विस्तृत मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन	1062	2364
आरंभिक मध्यस्थता सेवाएँ	2412	4862
वाक्, भाषा और श्रवण	4582	3948
पारिवारिक कुटीर	384	1162
एफसीआईएस	228	310
व्यावसायिक प्रशिक्षण	783	564
बहु विकलाँगता एकक	417	414
वर्ग कार्य कलाप	3585	1222
पोषण	151	192
संगणक सहायता प्राप्त अनुदेश	617	894
आत्मविमोह और मानसिक मंदन	667	1149
मंद गति से सीखनेवाले	269	83
संवेदी क्षति और मानसिक मंदन	766	847
पी.एम.आर.	-	265
हाइड्रोथेरपी	765	706
संसाधन कक्ष (दृश्य प्रखरता)	-	25
कार्य स्टेशन (व्यावसायिक)	2103	3578
कुल	39,061	46,777

6.2.1 आयुर्विज्ञान सेवाएँ

राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान में पंजीकृत मामलों का सामान्य स्वास्थ्य मूल्यांकन तथा नैदानिक रोगनिर्धारण के लिए मूल्यांकन किया जाता है। आयुर्विज्ञान प्रबंध व्यक्तिगत तथा आवश्यकता आधारिक होता है और मिर्गी, हायपरकैनेटिक व्यवहार, पौष्टिकता संबंधी क्षतियाँ, संक्रामक रोग, हार्मोनल क्षतियाँ, मानसिक रुग्मता, आदि जैसे संबंधित स्थितियों पर सूचना एवं उपचार भी दिया जाता है। कम आय वर्ग के परिवारों को मिर्गी, हायपरकैनेसिस तथा मानसिक रुग्मता के लिए दवाइयाँ मुफ्त दी जाती हैं।

6.2.2 प्रारंभिक हस्तक्षेप सेवाएँ

0-3 वर्षों की आयु वर्ग के शिशुओं और बच्चों में विकासात्मक विलम्बता होता या विकासात्मक विलम्बता के जोखिम होते हैं, उनके लिए प्रारंभिक हस्तक्षेप सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। ये सेवाएँ बच्चे के सर्वोपरि विकास के लिए निवारण, औषधीय, औपचारिक होते हैं। प्रदान की जा रही सेवाएँ, बच्चे पर केन्द्रित होते हैं तथा परिवार अभिमुखी होते हैं और बहुविषयी विशेषज्ञों के दल द्वारा प्रदान की जाती हैं। भौतिक चिकित्सा, व्यावसायिक चिकित्सा, वाणी तथा भाषा चिकित्सा, शिशु विकास, बालचिकित्सा तथा मनो-सामाजिक तथा परिवार हस्तक्षेपों में व्यक्तिगत हस्तक्षेप बच्चे के प्रदान किया जाता है। प्रारंभिक हस्तक्षेप सेवाओं द्वारा अभिभावक प्रशिक्षण कार्यक्रमों, अभिभावक प्रोत्साहन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है तथा वर्ग चिकित्सा, खेल चिकित्सा, व्यक्तिगत मार्गदर्शन तथा परामर्श भी दिया जाता है। समुचित रेफरल भी किया जाता है।

6.2.3 विशेष शिक्षा सेवाएँ

मानसिक मंद बच्चों का स्वयं-सहायक कौशलों, सकल तथा सूक्ष्म मोटर कौशलों, कार्यात्मक पढ़ने-लिखने के कौशलों, समय, धन और उससे संबंधित ज्ञानात्मक कौशलों जैसे विभिन्न कौशल क्षेत्रों में वर्तमान कार्यात्मकता स्तर, का मूल्यांकन किया जाता है । मूल्यांकन की सभी स्थितियों, वैयक्तिक शिक्षा कार्यक्रम की योजना बनाने और आईईपी के कार्यान्वयन में जनकों को शामिल किया जाता है । भारतीय संदर्भ में विभिन्न अधिगम साधनों और उपकरणों का उपयोग किया जाता है । कंप्यूटर सहायता प्राप्त प्रशिक्षण माड्यूलों का उपयोग जरूरतमंद की विशेष शिक्षा सेवाओं की कुशलता को तीव्रगतिमान बनाने के लिए उपयोग किया जाता है ।

6.2.4 व्यवहार परिवर्तन सेवाएँ

मानसिक मंद व्यक्ति जो आज्ञोल्लंघन, सिर पीटने, अपने-आपको काटने, स्वयं को जख्मी करने, अत्यधिक रोने जैसे समस्यात्मक व्यवहारों से और अन्य विशाल भिन्न-भिन्न समस्यात्मक व्यवहार हों तो इस सेवा के अन्तर्गत उन्हें लिया जाता है । व्यवहार की आवृत्ति और गंभीरता ज्ञात करके विस्तृत मूल्यांकन के बाद, ऐसे व्यवहारों को प्रभावित करनेवाले घटकों को मालूम करने कार्यात्मक विश्लेषण किया जाता है । लक्ष्य व्यवहारों के घटित होने की स्थिति में समुचित मध्यस्थताओं पर कार्यक्रम विकसित करके जनकों को अनुदेश दिये जाते हैं । प्रगति को बनाये रखने के लिए नियमित अंतरालों पर अनुवर्ती कार्रवाई की जाती है ।

6.2.5 मार्गदर्शन और परामर्शी सेवाएँ

जनकों में पाये जाने वाले भ्रमात्मक विचारों के निपटान के पश्चात् मानसिक मंदन की प्रकृति को समझने और बच्चे के जीवन की विभिन्न अवस्थाओं की आवश्यकताओं को समझने का मार्गदर्शन दिया जाता है। परिवार व्यवस्था में बच्चे के सुव्यवस्थित विकास को प्रोन्नत करने हेतु पालकों की अपेक्षाओं को हिसाब में लिया जाता है । परिवार में मानसिक मंद बच्चे का साथी देने में जनकों की भावुकतापूर्ण समस्याओं को भी सुलझाया जाता है ।

6.2.6 वाक् चिकित्सा-विज्ञान और श्रवण विज्ञान

वाक् तथा भाषा विकास में देरी मानसिक मंदन के लक्षणों में से एक है । बहुत सारे बच्चे भी भिन्न-भिन्न प्रकार की श्रव्य-त्रुटियाँ भी प्रस्तुत करते हैं । जिन रोगियों को सेवाओं की आवश्यकता होती है उनका विस्तृत मूल्यांकन किया जाता है । वाक् तथा भाषा मध्यस्थता पैकेज बच्चे की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार विकसित की जाती है । व्यावसायिकों की सलाह से घर पर ही हस्तक्षेप करने के लिए जनकों को मार्गदर्शन दिया जाता है।

6.2.7 भौतिक चिकित्सा विज्ञान सेवाएँ

प्रमस्तिष्क आघात, असामान्य मोटार स्थितियाँ, चलन संबंधी अव्यवस्थाएँ, लोकोमोटार अपसामान्यता, कंजीनिटल अपसामान्यता, आदि जैसे चलन संबंधी समस्यावाले मानसिक मंद बच्चें के लिए इस इकाई में सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। विस्तृत मूल्यांकन के पश्चात्, वैयक्तिक हस्तक्षेप दिया जाता है। चिकित्सीय हस्तक्षेप सारग्राही के होते हैं और व्यायाम, हाईड्रोथिरेपी, स्थितियों को तथा चलन अव्यवस्थाओं को सही बनाना, गेइट प्रशिक्षण तथा सर्वोपरि विकास को बढ़ाना, चलन प्रशिक्षण तथा व्यावसायिक प्रयोजनों के लिए अनुकूलन, आदि शामिल हैं। जिन क्लाईंटों को सहायता साधन तथा उपकरण और दोषनिवारक शल्य चिकित्सा की जरूरत होती है, तो उन्हें उचित एजेंसियों के पास भेजा जाता है।

6.2.8 एलेक्ट्रोएनसेफालोग्राम

एलेक्ट्रोएनसेफालोग्राम (ई.ई.जी.) दिमाग की फिजियालजी समझने की मूल प्रक्रिया है। दिमाग के विभिन्न भागों की संरचना तथा कार्य में पैथालजी संबंधी परिवर्तनों को पहचनाने के लिए यह सहायक होता है। इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य मिर्गी के प्रकार तथा एपिलेप्टिक सिन्ड्रोम के रोगनिर्धारण किया जा सके। मानसिक मंद व्यक्ति में न्यूरोलोजी क्षतियाँ होती हैं उनके समाविष्ट निर्धारण के लिए ई.ई.जी. एक आवश्यक प्रक्रिया है। उपचार के प्रभाविता को मूल्यांकन करने के लिए भी ई.ई.जी. उपयोग किया जाता है। मिर्गी की समस्या सामान्य लोगों(1%) की तुलना में मानसिक मंद लोगों (30%) में अधिक होता है ।

6.2.9 बहु-विकलाँगता एकक

मानसिक मंद बच्चों में श्रवण क्षति, दृष्टि क्षति और भौतिक क्षति जैसी अतिरिक्त समस्याएँ होने पर इस सेवा में उनपर विशेष ध्यान दिया जाता है । बहु-विषय ज्ञाता व्यावसायिकों के दल द्वारा उन्हें व्यापक सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। हफ्ते के हर गुरुवार को विशेष चिकित्सालय में आर्थोपैडिक सेवाएँ प्रदान की जाती हैं।

6.2.10 आनुवंशिकी-विज्ञान चिकित्सालय

भावी संतान में आनुवंशिकी या जन्म-दोषों के घटन की संभावनाओं के संबंध में विशेषज्ञ सलाह माँगने वाले जनकों को आनुवंशिकी परामर्शदात्री सेवाएँ प्रदान की जाती हैं । बायोकेमिकल, क्रोमोसोमल और साइटोजेनेटिक जाँचों के लिए क्लाईंटों को सहयोगी संस्थानों जैसे हैदराबाद में स्थित आनुवंशिकी विज्ञान संस्थान, सी.डी.एफ.डी. तथा सेन्टर फार सेल्युलर एन्ड मालिक्युलर बायोलोजी को भेजा जाता है । स्वास्थ्य तथा आनुवंशिकी-विज्ञान विशेषज्ञगण का दल परामर्श सेवाएँ प्रदान करता है ।

6.2.11 बायोकेमिस्ट्री सेवाएँ

राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान में आयुर्विज्ञान सेवाओं का बायोकेमिस्ट्री प्रयोगशाला द्वारा समर्थन दिया जाता है। बायोकेमिकल जाँच (मेटाबालिक जाँच) मानसिक मंद बच्चों से संबंधित बायोकेमिकल या मेटाबालिक अव्यवस्थाओं जैसे अमीनोएसिडपैथीस, ग्लैकोजेन स्टोरेज अव्यवस्थाएँ तथा म्यूकोपोलीसैकारिडोसेस्, आदि की पहचान के लिए तथा सामान्य स्वास्थ्य की जाँच या भौतिकीय स्थिति देखने के लिए बायोकेमिकल परीक्षाएँ की जाती हैं। रोगनिर्धारण, उपचार, परामर्श तथा मानीटर करने के लिए यह सहायक होता है।

6.2.12 व्यावसायिक प्रशिक्षण

मानसिक मंद व्यक्तियों के सामाजिक-आर्थिक पुनर्वास को व्यावसायिक प्रशिक्षण और नौकरी दिलाने की सेवाओं के जरिए प्रोन्नति दी जाती है । मानसिक मंदन वाले प्रौढ़ों को आरंभ में जेनेरिक प्रशिक्षण और तत्पश्चात् नौकरी के साथ प्रशिक्षण दिया जाता है । नौकरी पर प्रशिक्षण एक क्लाईंट से दूसरे क्लाईंट के लिए भिन्न होता है, जो उस रोगी को उसके रहने के स्थान की बस्ती में उपलब्ध जॉब के अवसरों पर आधारित होता है । जिस स्थान पर काम स्थित है वहीं पर स्वतंत्र रूप से काम करने योग्य होने तक क्लाईंट को दीर्घकालीन समर्थन प्रदान किया जाता है ।

6.2.13 परिवार कुटीर सेवाएँ

राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान में दूरस्थ स्थानों से आने वाले परिवारों के लिए परिवार कुटीर सेवा उपलब्ध है । परिवार दो सप्ताहों तक यहाँ रुककर व्यावसायिक सेवाएँ तथा प्रशिक्षण प्राप्त करने के साथ ही कौशल प्रशिक्षण, व्यक्तिगत परिवार परामर्श समस्या व्यवहारों का प्रबंधन, वाक्-भाषा चिकित्सा, स्वास्थ्य सलाह, भौतिक चिकित्सा, मनोरंजक क्रियाकलाप और आवश्यक सहायता भी प्राप्त कर सकता है । ये कुटीर जनकों को उनके दैनंदिन जीवन से दूर होकर बच्चे की आवशयकताओं पर ध्यान केंद्रित करने के उत्कृष्ट अवसर प्रदान करते हैं।

6.2.14 हाइड्रोथेरपी सेवाएँ

मानसिक मंद व्यक्तियों के इलाज में हाइड्रोथेरपी का विशेष लाभ है, विशेषकर ऐसे व्यक्तियों के लिए जो जोड़ों के दर्द, सूजनों, कड़ापन, माँसपेशी कमजोरी, अतिपेशीतानता (स्पैस्टीसिटी) आदि से भी पीड़ित हों । संस्थान ने मानसिक मंदन के साथ विभिन्न शारीरिक पीड़ाओं से ग्रस्त व्यक्तियों को हाइड्रोथेरपी की सेवाएँ प्रदान करता है ।



6.2.15 संगणक सहायता प्राप्त अनुदेशन

विशेष शिक्षा विभाग द्वारा मानसिक मंद व्यक्तियों के अनुरूप छ: साफ्टवेयर पैकेजों का विकास किया है। इन पैकेजों के शीर्ष हैं - मेरा देश, समुदाय उपयोगिता, स्वास्थ्य तथा सुरक्षा, सजीव तथा निर्जीव, लिटरसी, न्यूमरसी जिससे शैक्षिक अधिगम बढ़ता है। संस्थान में पंजीकृत व्यक्तियों को तथा विशेष स्कूल में आने वाले बच्चों को नियमित सेवाएँ प्रदान की जाती हैं ताकि संगणक की ओर अनावरण हो सकें तथा छोटे-छोटे अनुकूलन से साफ्टवेयरों का उपयोग कर सकें। मानसिक मंदता के साथ न्यूरोमोटार समस्या के कारण कम्प्युटर साफ्टवेयरों तथा हार्डवेयर पेरिफेरल्स का अनुकूलन किया गया ताकि मानसिक मंद बच्चें आसानी से उपयोग कर सकें।

6.2.16 आत्मविमोह और मानसिक मंदन

यह अनुमान लगाया गया है कि आत्मविमोह से ग्रस्त 75% लोग मानसिक मंद होते हैं । मानसिक मंदन वाले बच्चों के स्कूलों में आत्मविमोह और मानसिक मंदन वाले बच्चे पाये जाते हैं, अत: यह आवश्यक है कि शून्य - अस्वीकृत हासिल करने के लिए उन्हें उचित शैक्षिक सेवाएँ प्रदान की जाएँ । इस बात को दृष्टि में रखकर आत्मविमोह और मानसिक मंदनवाले व्यक्तियों के लिए अनन्य सेवाएँ शुरू की गयी हैं । परियोजना कर्मचारियों को आत्मविमोह का प्रबंध तथा प्रत्येक व्यक्ति पर ध्यान देने हेतु प्रशिक्षण दिया गया ताकि आई.ई.पी. तथा छोटे वर्ग अनुदेशन कार्यान्वित कर सकें। इसके अतिरिक्त, नियमित तथा विशेष स्कूलों के शिक्षकों को परामर्शी समर्थन दिया जाता है। राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान में इन बच्चों को "मानसिक मंदता तथा आत्मविमोह बच्चों के लिए सेवा प्रतिमान" परियोजना के अंतर्गत सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, इन्हें विशेष स्कूलों में या नियमित स्कूलों में भर्ती किया जाता है ताकि उन्हें वर्ग अनुभव भी मिल सके।

6.2.17 मानसिक मंदन और संवेदी क्षति

मानसिक मंदन के साथ-साथ दृष्टि और / या श्रवण क्षति से ग्रस्त बच्चों को वर्ग प्रशिक्षण की आवश्यकता के अतिरिक्त विशेष शिक्षा की भी जरूरत होती है । चूँकि उनमें दृष्टि और श्रवण की दोनों संवेदनाएँ क्षतिग्रस्त होती हैं, उन्हें दिये जाने वाली प्रशिक्षण पद्धतियाँ और सामग्रियों को अनुकूलनों की आवश्यकता होती है । इसे नजर में रखते हुए ऐसे बच्चों के लिए अनन्य सेवाएँ शुरू की गयीं । इन बच्चों को अपने कक्षा अनुभव के अलावा प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा प्रत्येक ध्यान दिया जाता है। उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्यावरणीय तरमीम किये गये थे । इस अनुभव के परिणाम स्वरूप में, राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान द्वारा वाइस एन्ड विशन टास्क फोर्स के सहयोग से श्रवणांध के लिए एक मैनुअल विकास की गई।

6.2.18 धीमी गति से सीखनेवालों के लिए संसाधन कक्ष

सीमान्त बौद्धिकता और हल्के मानसिक मंदन ग्रस्त अधिकाँश विद्यार्थी नियमित स्कूलों में ही अध्ययन करते हैं, फिर भी, उन्हें मुख्यधारा की शिक्षा जो वर्तमान समय में विशेष स्कूलों में नहीं दी जा रही है, के अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता है । इस खाई को पाटने के लिए राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान ने धीमी गति से सीखनेवाले बच्चों के लिए संसाधन कक्ष आरंभ किया है जहाँ ऐसे बच्चों को, उनके स्कूली घंटों के अलावा अतिरिक्त सम्थर्न मिलता है । संसाधन कक्ष का शिक्षक भी नियमित क्लासटीचर के समन्वयन से कार्य करता है

ताकि प्रशिक्षण में निरन्तरता बनी रहे। यु.एन.डी.पी. के आर्थिक सहायता से, सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत विकलांग बच्चों के शिक्षा का समर्थन हेतु परियोजना दल द्वारा एक संसाधन मैनुअल विकास की गई।

6.2.19 मानसिक मंदनवाले व्यक्तियों के व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए वर्कस्टेशन

देश में मानसिक मंद लोगों के लिए विशेष शिक्षा प्रदान करनेवाले 1000 से अधिक संगठन हैं । ये संगठन 5-18 वर्षों के बीच की आयुवाले मानसिक मंदनवाले व्यक्तियों को पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करते हैं । स्कूली शिक्षा के बाद व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करनेवालों की संख्या अपेक्षाकृत कम है । कुछ व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों में से अधिकाँश परिरक्षा आधारित प्रशिक्षण प्रदान करते हैं । इस कारण से व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए कोई निर्धारित व प्रणालीबद्ध नियमावली उपलब्ध नहीं है । व्यावसायिक प्रशिक्षण की प्रक्रिया को सही ढंग से चलाने के लिए रा.मा.वि.संस्थान ने मानसिक मंद लोगों के लिए चरणबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु वर्कस्टेशन आरंभ किये हैं । मानसिक मंद व्यक्तियों के जेनेरिक कौशलों का मूल्यांकन करने के बाद ज्ञानात्मक, मोटर और सामाजिक क्रियाशीलता को प्रेरित करने प्रबंधन योजना बनायी जाएगी और उन्हें भिन्न-भिन्न वर्क स्टेशनों में रखा जाएगा । मानसिक मंद लोगों को आरंभ में विभिन्न कौशलों को विकसित करने विभिन्न क्रियाकलापों में प्रशिक्षित किया जाएगा । छह महीने के सफल प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षार्थी को खुले / समर्थित / स्व-समर्थित / परिरक्षित में रोजगार दिया जाएगा । प्रशिक्षण समय पर ही नौकरियों की पहचान करने के प्रयास किये जाएँगे और जनकों को उनके बच्चों के लिए भावी नौकरियाँ तलाश करने प्रोत्साहित किया जाएगा ।

6.2.20 मानसिक मंद व्यक्तियों की दृष्टि प्रखरता के लिए संसाधन कक्ष

मानसिक मंदन सहित दृष्टि क्षति बहुत असामान्य बात नहीं है । परंतु दृष्टि क्षति के साथ मानसिक मंदन का होना रोगी के मूल्यांकन और प्रबंधन को और भी मुश्किल बना देता है । यह महसूस किया गया कि दृष्टि क्षति वाले मानसिक मंद व्यक्ति का यदि यदार्थ मूल्यांकन किया जाए तो उनकी क्षमताओं में सर्वोत्कृष्टता को बाहर लाने में योगदान देता है। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि इस बहुविकलांगता के कारण उनकी प्रवृत्तियों और साथ ही साथ उनकी अपनी सीमाओं को जानना पड़ता है । इस बात को नजर में रखकर मानसिक मंद व्यक्तियों के लिए दृष्टि क्षति होने पर उनके लिए एक संसाधन सुविधा आरंभ की गयी ताकि मानसिक मंदनवाले व्यक्तियों की दृष्टि विकलाँगता के उचित मूल्यांकन तथा प्रबंधन के लिए बेहतर योजना बनाई जा सके ।

6.2.21 राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान की परीक्षा के लिए खुली मौलिक शिक्षा के लिए संसाधन कक्ष

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान ने देश भर के सुप्रसिद्ध संगठनों के सहयोग से दूरगामी शिक्षण पद्धति के द्वारा खुला मूल शिक्षा कार्यक्रम आरंभ किया।

अल्प मानसिक मंदन और हाशियागत बौद्धिकतावाले बहुत सारे बच्चों के लिए सही शिक्षा सुविधा नहीं है क्योंकि वे विशेष स्कूल प्रणाली और नियमित शिक्षा के उपयुक्त नहीं होते । ये बच्चे राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान के खुला मौलिक शिक्षा कार्यक्रम से लाभ उठा पाएँगे क्योंकि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान में सरलीकृत चरणबद्ध सीखने की प्रणाली है । इससे विशेष स्कूल तथा नियमित स्कूल के बीच के अन्तर को पाटने में भी मदद मिलेगी ।

इस बात के मद्देनजर, वर्ष 2002-03 के दौरान संस्थान ने हाशियागत बौद्धिकता वाले और अल्प मानसिक मंदनवाले बच्चों को प्रशिक्षित करने हेतु संसाधन कक्ष आरंभ किया, जिससे कि वे राष्ट्रीय खुला विद्यालयी शिक्षा के खुला मौलिक शिक्षा कार्यक्रम में परीक्षा देकर अपने-आपको अर्हता प्राप्त बना सकें । वर्ष 2003-04 के दौरान 13 बच्चों को प्रवेश दिया गया और उन्हें राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान की परीक्षा के लिए प्रशिक्षित किया गया।

6.2.22 हैदराबाद और सिकन्दराबाद के पहुँच के बाहर के क्षेत्रों में मानसिक मंद व्यक्तियों के लिए मोबाइल सेवा।

नगरद्वय में रहनेवाले तथा राष्ट्रीय मानसिक विकलाँग संस्थान में पंजीकृत क्लाइंट अनुवर्ती सेवाओं के लिए या तो वित्तीय समस्याओं या आने-जाने की समस्याओं के कारण नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो पाते । इसके अलावा, मानसिक मंद के कुछ लोग सुविधाओं का लाभ उठाने की जानकारी के अभाव में सेवाएँ प्राप्त कर नहीं पाते । ऐसे लोगों के पास जाकर उन्हें सेवाएँ प्रदान करने के लिए संस्थान ने हैदराबाद एवं सिकन्दराबाद नगरद्वय के अतराफ चलती-फिरती सेवा आरंभ की है । चलती-फिरती (मोबाइल) सेवाओं के अंतर्गत संस्थान की गाड़ी विशेष शिक्षक को लेकर सेवाएँ प्रदान करने के लिए विभिन्न बस्तियों में जाकर उस क्षेत्र में रहनेवाले मानसिक मंद की सेवा करेगी । बस में टी.एल.एम की सुविधा है और प्रशिक्षण के लिए आवश्यक जगह भी है।

6.2.23 मनोरंजनम - गहरे मानसिक मंद व्यक्तियों के लिए संसाधन कक्ष

यद्यपि वर्षों से मानसिक मंदन के रोगियों के लिए सेवा कार्यक्रम काफी बढ़ गये हैं, फिर भी बहुत कम संगठन गहरे मानसिक मंदन के व्यक्तियों को सेवा प्रदान कर रहे हैं, क्योंकि गहरे मानसिक मंद व्यक्तियों को अधिक विशेषज्ञ सेवाएँ और उन्हें प्रशिक्षित करने व्यावसायिकों की आवश्यकता होती है । इस वर्ग के मानसिक मंदन के व्यक्तियों को अपर्याप्त सेवाओं का कारण चलना-फिरना और परिवहन समस्या है । गहरे मानसिक मंद वाले अधिकाँश बच्चे शारीरिक विकलाँगता से ग्रस्त होते हैं, जिनमें से कुछ मानसिक मंदन के साथ मिर्गी के रोग के भी शिकार होते हैं । फिर भी गहरे मानसिक मंद बच्चों की शिक्षा पर किये गये अनुसंधान अध्ययन से पता चलता है कि यदि उन्हें प्रणालीबद्ध प्रशिक्षण दिया जाए तो वे भी कुछ मूल कुशलताओं को सीख पाते हैं। अन्यों पर आश्रितता कुछ सीमा तक कम हो जाती है । इस बात के मद्देनजर, संस्थान ने गहरे मानसिक मंद व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने वर्ष के दौरान मनोरंजनम नामक सेवा सुविधा आरंभ की है ।





विशेष शिक्षा केन्द्र

01. मानसिक मंद व्यक्तियों में विशेष रुचि के प्रतिभा को प्रोन्नति देने के लिए 1 मई से जून 2003 तक ग्रीष्म शिविर का आयोजन किया गया।

02. जेनेटिक संस्थान, उस्मानिया विश्वविद्यालय द्वारा 30 अगस्त, 2003 को आयोजित फैन्सी ड्रेस तथा आर्ट एन्ड क्राफ्ट जैसी अंतरविद्यालयी प्रतियोगिताओं में केन्द्रे के छ: विद्यार्थी ने भाग लिया।

03. सालारजंग म्यूजियम, हैदराबाद में 20 नवम्बर, 2003 को आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विशेष शिक्षा केन्द्र के पाँच विद्यार्थी भाग लिये और पुरस्कार प्राप्त किये।

04. उस्मानिया विश्विविद्यालय, हैदराबाद में 23.11.2003 को आयोजित अंतरजिला स्कूल खेल प्रतियोगिता में केन्द्र के 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

05. नीलोफर अस्पताल प्रेक्षागृह, हैदराबाद में 5.12.2003 को आयोजित अंतरपाठशाला कला व सांस्कृति प्रतियोगिता में आठ विद्यार्थियों ने पुरस्कार प्राप्त किया।

06. हैदराबाद में 13-14 मार्च, 2004 को आयोजित अंतरस्कूल राज्य स्तरीय विशेष ओलम्पिक फ्लोर हाकी प्रतियोगिता में 22 केन्द्र विद्यार्थियों ने भाग लिया।

07. कोयमबतूर में 18-21 मार्च, 2004 को आयोजित राष्ट्रीय विशेष ओलम्पिक फ्लोर हाकी प्रतियोगिता में दो व्यक्ति ने भाग लिया।

माडल स्कूल फार दि मेंटली डिफीसियेन्ट चिल्ड्रन

नई दिल्ली

स्कूल के उपस्थिति पंजी पर 92 बच्चें थे जिनमें से 23 छात्रावास थे और 69 अनावासीय विद्यार्थी थे।

एम.एस.एम.डी.सी. द्वारा मानसिक मंद बच्चों को सेवाएँ प्रदान की गईं।

वर्ष 2003-04 के दौरान कुल 521 अउटपेशेन्ट मामलों, 110 मानसिक मंद बच्चों तथा उनके परिवारों को गृह आधारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम दिया गया।

प्रसंगाधीन वर्ष के दौरान, व्यवहार समस्याएँ, कक्षा तथा / या होस्टल में असमायोजन, कुशल प्रशिक्षण, अंतरव्यक्तित्व संबंध, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा रोजगार, आदि समस्याओं के लिए अभिभावकों को 393 परामर्शी सत्रों के दौरान सेवाएँ प्रदान की गईं।

प्रसंगाधीन वर्ष के दौरान, माडल स्कूल द्वारा निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किये गये।

लक्ष्य वर्ग	प्रतिभागियों की संख्या
भाई-बहनें (2)	50
समुदाय स्तर के कार्यकर्ता	27
अध्यापकगण	35
पुनर्वास व्यावसायिक (2)	43
अभिभावक (2)	88
विद्यार्थियों को अभिमुखीकरण कार्यक्रम	103
व्यावसायिकों को अभिमुखी कार्यक्रम	50
समुदाय स्तर कार्यकर्ताओं को अभिमुखी कार्यक्रम	45
नई अभिभावकों को अभिमुखी कार्यक्रम	18
कुल	459

माडल स्कूल के विद्यार्थियों ने निम्न कार्यक्रमों में भाग लिया:

- कला प्रतियोगिता, संगीत बैठक तथा रंगोली - वेरी स्पेशल आर्ट्स् आफ इंडिया (वी.एस.ए.आई.) द्वारा संचालित
- वाई.एम.सी.ए., दिल्ली द्वारा संचालित विशेष एथ्लेटिक बैठक
- साधु वास्वानी अंतर्राष्ट्रीय स्कूल दिल्ली द्वारा संचालित पेंटिंग तथा ड्राइंग प्रतियोगिता
- खेल व सांस्कृतिक उत्सव, लक्ष्मण पब्लिक स्कूल दिल्ली द्वारा संचालित
- नृत्य तथा चित्र लेखन प्रतियोगिता, बलवंत राज मेहता विद्या भवन, दिल्ली द्वारा संचालित
- अभिनन्दन कार्ड तैयार करना, सलाद तैयार करना आदि के अंतर स्कूल प्रतियोगिता - संकरा विशेष स्कूल, नोइडा द्वारा संचालित
- 8 अप्रैल, 2003 को माडल स्कूल के बच्चे अपने शिक्षकों के साथ अप्पू घर देखने गये थे। सितम्बर 2003 को नई दिल्ली में नए निर्मित "गार्डेन आफ फाइव सेन्सेस" को तथा दिसम्बर, 2003 को नेशनल साईन्सेस केन्द्र, प्रगति मैदान को, दो शैक्षिक दौरे किये गये।
- विशेष ओलम्पिक खेल - विशेष ओलम्पिक खेल जवहर लाल नेहरू स्टेडियम, दिल्ली में 23-27 फरवरी, 2004 को आयोजित किये गये और माडल स्कूल के 75 बच्चों ने इन खेलों में भाग लिये जिसका उद्घाटन नई दिल्ली के मुख्य मंत्री श्रीमति शीला दीक्षित द्वारा 23 फरवरी, 2004 को किया गया। माडल स्कूल के बच्चों ने 10 प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा 117 पदक प्राप्त किये (37 स्वर्ण, 36 रजत, और 44 कांस्य पदक)।
- राष्ट्रीय पुरस्कार 2003- दो पूर्व विद्यार्थी, श्री पवन कुमार तथा श्री मनीन्दर सिंह को उत्तम कर्मचारी के वर्ग (अतिरिक्त) में 3 दिसम्बर, 2003 को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार के रूप में रु.15,000/- का राशी तथा प्रमाण पत्र, दोनों को दिया गया।
- माडल स्कूल के कर्मचारी सदस्यों ने स्कूल के बाहर 9 अलग-अलग प्रशिक्षण कार्यक्रमों / कार्यशालाओं में भाग लिया (एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठि सहित)। इनमें से कुछ कर्मचारियों ने स्कूल के बाहर की कार्यक्रमों में संसाधन व्यक्ति के रूप में अपने सेवाएँ प्रदान कीं।
- कर्मचारी विकास कार्यक्रम - आरंभ पैकेज (एन.आई.एम.एच.) तथा राष्ट्रीय न्यास पर माडल स्कूल द्वारा दो कर्मचारी विकास कार्यक्रम संचालित किये गये।

परामर्शी तथा तकनीकी समर्थन

9.1 राष्ट्रीय न्यास

राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान ने देखभाल करने वालों के लिए वर्ष 2001-02 के दौरान मास्टर स्तर। के प्रशिक्षण कार्यक्रम का विकास किया और मास्टर स्तर-। के तीन कार्यक्रमों का आयोजन किया। मास्टर प्रशिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने - अपने संगठनों में दखभाल करने वालों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को प्रारंभ करने की योजना बनाएँ और उनका संचालन करें। पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के अलावा, प्रसंगाधीन 2003-04 वर्ष के दौरान, प्रशिक्षित मास्टर प्रशिक्षकों को 15-16 सितम्बर, 2003 को एक और पाठ्यक्रम का संचालन किया गया जिसमें 14 राज्यों और 2 संघ क्षेत्रों से आये हुए 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

